Re : Talks for separate Jharkhand State.

SHRI P. UPENDRA (ANDHRA PRADESH) : Madam, last week, some hon. Members referred to the on-going agitation in Bihar for a separate Jharkhand State. They also referred to the report that the Centre has agreed for a sub-State in Bihar. The hon. Home Minister responded by saying that he was calling the concerned parties for talks. Today's newspapers say that the Bihar Chief Minister has said that he was not even consulted by the Centre on this matter and I also understand that the parties have not been called so far for talks by the hon. Home Minister. Would he kindly tell us what the present state of affairs is and when the talks are likely to be resumed ?

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश) : मैडम, अर्जुन सिंह जी के मामले पर मैं बात करना चाहता हूं क्योंकि मैंने कल यह मसला उठाया था और सारी आपोजीशन ने उसको सपोर्ट किया था । . . . (**व्यवधान**) . . .

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: میڈم ارجن جی کے معاملہ پر میں بات کرنا چاہتا ہوں کیوں کہ میں نے کل یہ مسئلہ اٹھایا تھا اور ساری اپوزیشن نے اس کو سپورٹ کیا تھا۔ "مداخلت"۔

उपसभापति : आप सब मंत्रियों के फिर नाम ले रहे हैं । . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, उनके टेलीफोन टेप हो रहे हैं और आज उन्होंने खुद ही इन्क्वायरी की मांग की है । यह बहुत अहम मसला है । (**व्यवधान**) . . .

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: میڈم۔ اُن کے ٹیلیفون ٹیپ ہو رہے ہیں۔ اور آج انھوں نے خود ہی انکواری کی مانگ کی ہے۔ یہ بہت اہم مسئلہ ہے . . . "مداخلت" . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN : I have allowed Mr. Pramod Mahajan.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN) : Madam, may I react to what Mr. Upendra has said ? After the Budget Session is over—it might be over today—after about a week or so I will be able to contact both the parties and discuss with them. Thereafter, we will be able to find out from them as to whether any suggestion given is going to be acceptable to any of them.

Re : Bomb Explosions in Bombay

श्री प्रमोद महाजन (महाराष्ट्र) : उपसभापति महोदया, कल मुम्बई के बम विस्फोटों पर जब चर्चा हुई तो आदरणीय गृह मंत्री जी ने कहा कि जांच ठीक तरह से चल रही है और यहां चर्चा करके उसमें समस्याएं खड़ी न करें । मैं उनकी भावनाओं को तो समझ सकता हूं, लेकिन जो नए प्रमाण पत्र इसमें मिल रहे हैं, इस मिलने के संबंध में सदन को कुछ तथ्यों का पता नहीं चल रहा है, लेकिन समाचार पत्रों में यह आया है कि बेहरीन से जो समाचार आया है उसके अनुसार मैमन परिवार पाकिस्तान इंटरनेशनल एअरवेज की उड़ान पी० के० 214 से दुबई से कराची जो बीच में कहीं नहीं रुकती है, कराची चला गया है । इसका अर्थ यह है कि मैमन परिवार को पाकिस्तान ने आश्रय दिया है और जब मैमन परिवार को पाकिस्तान आश्रय देता है तो इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि मुम्बई में बम विस्फोट जो हुए हैं उसमें पाकिस्तान का किसी न किसी प्रकार से कोई न कोई संबंध था । गृह मंत्री जी यहां

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

हमें बात करने पर आपत्ति करते हैं, लेकिन कल गृह मंत्री के बयान के बाद भी मुम्बई पुलिस कमीश्नर ने पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी कि यह षड्यंत्र कहां हुआ, कितने दिन हुआ, कितने लोग थे, कौन थे, कौनसे कंटेनर लाए गए थे, ये सारी बातें पत्रकारों को उन्होंने दीं, जो आज के मुम्बई के समाचार पत्रों में विस्तृत रूप से छपी है।... मुझे यह लगता है कि मुम्बई में पुलिस कमिश्नर तो समाचार पत्रों को सब बता सकते हैं, लेकिन सदन का सदस्य होने के नाते, मुम्बई का निवासी होने के बाद भी मुझे इस बात का यहां कोई पता नहीं चल सकता कि आखिर मुम्बई के बम विस्फोटों के संबंध में सरकार की कार्रवाई क्या हो रही है इसलिए मुझे लगता है कि गृह मंत्री को सदन को विश्वास में लेना चाहिए। अगर मेमन परिवार करांची पहुंच चुका है, पाकिस्तान ने अगर उसको आश्रय दिया है तो हम यह जानना चाहते हैं कि क्या पाकिस्तान से किसी प्रकार की कोई बातचीत हुई है? क्या पाकिस्तान से इस मेमन परिवार को वापिस लाने का कोई प्रयास किया जा रहा है? कल जैसा मैंने कहा था कि दाऊद इब्राहिम अभी भी भारतीय पारपत्र पर सारी दुनिया में घूमता है लेकिन हिन्दुस्तान की सरकार दाउद इब्राहिम का पासपोर्ट रद्द किया जाए, कम से कम मेमन परिवार का पासपोर्ट रद्द किया जाए, इस प्रकार की मांगें आ रही हैं, लेकिन इसमें भी सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही है। अब मुझे लगता है कि अगर दाउद इब्राहिम इसके पीछे हैं, अगर पाकिस्तान में मेमन परिवार जा चुका है, तो पासपोर्ट रद्द करने के लिए सरकार को कितना समय लगता है। मुझे लगता है कि इतनी स्थिति होने के बाद आज पाकिस्तान एक दहशतवादी राष्ट्र बन चुका है, एक टेरोरिस्ट स्टेट बन चुका है। दुनियां में एक प्रकार का वायुमंडल है कि सारी दुनिया पाकिस्तान को टेरोरिस्ट स्टेट घोषित कर सकती है, लेकिन अगर हिन्दुस्तान की सरकार पहल नहीं करेगी और पता नहीं किन कारणों से अगर दाउद इब्राहिम व मेमन परिवारों के साथ कड़ाई से कार्रवाई नहीं करेगी, उनका पासपोर्ट रद्द नहीं करेगी तो स्वाभाविक है कि सारी दुनिया में यह संदेश चला जाएगा कि हम बम विस्फोटों के संबंध में उतने गंभीर नहीं हैं जितना कि हमें होना चाहिए। इस लिए मेरी गृह मंत्री जी से प्रार्थना है कि चाहे कोई सेंसेटिव जानकारी आप हमको मत दीजिए, लेकिन कम से कम जो जानकारी समाचार पत्रों में आ चुकी है, जो मुम्बई के पुलिस कमिश्नर दिन-प्रतिदिन दे रहे हैं, उन समाचारों के आधार पर पाकिस्तान का हाथ है, यह स्पष्ट हो चुका है। मुझे लगता है कि सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता ने भी पाकिस्तान के हाथ के बारे में कहा था और जब आडवानी जी ने मुम्बई में कहा था तो लोगों ने यह कहा कि आप बिना जांच-पड़ताल के कह रहे हो और अब लगभग पाकिस्तान का हाथ अगर सिद्ध हो चुका है तो सरकार हाथ-पर-हाथ रखकर खामोश क्यों बैठी है? हाथ का भी पता चला है और ब्रेन का भी पता चला है, जरा दोनों को पकड़ने का प्रयास करें, यह मेरी प्रार्थना है।

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN) : Madam Deputy Chairperson, again I would like to repeat the same thing. It is very unfortunate that when matters of such a sensitive nature are being investigated and in spite of my yesterday's statement on the floor of the House that none of the officers, not even the politicians, should make any kind of statement these things should be raised again and again. Please allow this enquiry to be completed and thereafter we can draw our own conclusions. In the meanwhile, I can inform the House that we are as keen as the hon. Member is, but in the interest of the public and in the national interest I don't think that it will be proper on my part to give any more information. But we are at it. That much I can inform you.

श्री प्रमोद महाजन : कम से कम आप दाउद इब्राहिम का पासपोर्ट तो रद्द कर सकते हैं, यह तो कोई सेंसेटिव नहीं है।

SHRI S. B. CHAVAN : It has its own implications. Unfortunately you don't seem to understand the implications. If the passport is cancelled, what will be the implications of it ?

SHRI PRAMOD MAHAJAN : Unfortunately I don't.

मैं आपसे जानना चाहता हूं, इसमें कोई इम्पलीकेशन्स नहीं है, अगर पासपोर्ट रद्द करना है तो उसे बताने में क्या हर्ज है ?

उपसभापति : अभी वह कह रहे हैं तो मान लीजिए ।

श्री प्रमोद महाजन : मैं तो मान लेता हूं लेकिन मुम्बई के पुलिस कमिश्नर को भी वे कहें। वह सारा मुझे ही कह रहे हैं, वहां मुम्बई में तो रोज जानकारी दे रहे हैं।

Re-alleged tapping of telephone of the Minister of Human Resource Development

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश) : मैडम, आपने मुझे परमिट किया था।

उपसभापति : अब यह मामला कल उठ चुका है, एक ही मामले को बार-बार नहीं उठाना चाहिए ।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, कल मैंने इस मामले को उठाया था और यहां सदन के बहुत सारे मैम्बरान ने इस सिलसिले में कहा था कि हमारी कोई भी सरकार जब आती है तो वजीर प्रेजीडेंट आफ इंडिया के सामने ओथ लेता है कांस्टीट्यूशन के तई वफादारी की, अगर उस पर शक और शुबहे का इजहार किया जाए तो मैं समझता हूं कि या तो प्राइम मिनिस्टर को उस वजीर को अपने कैबिना से खारिज कर देना चाहिए .....

उपसभापति : कल आप उठा चुके हैं, अभी क्या मामला है ?

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : कल इन्होंने यह कहा था वजीरे दाखिला साहब ने डिनाई किया था कि अर्जुन सिंह के ऊपर कोई सर्वेलेंस नहीं हो रही है। (**व्यवधान**)

एक माननीय सदस्य : नहीं हो रही है।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : नहीं हो रही है न, लेकिन आज अर्जुन सिंह ने खुद यह डिमांड की है कि इस सारे वाकये की आजादाना और मुंसिफाना तहकीक होनी चाहिए। जब खुद वजीरे मोसूफ इस शुबहे का इजहार कर रहे हैं कि उनका टेलीफोन टेप हो रहा है, तो सरकार इसके ऊपर पूरी जानकारी क्यों नहीं देती है ? क्या उसमें आपत्ति है ? दूसरे मैडम, मैं यह बताना चाहता हूं कि.....

उपसभापति : अभी इस मामले का इस सदन कोई ताल्लुक नहीं है ।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : क्या वजीरे दाखिला यह बताएंगे....

THE DEPUTY CHAIRMAN : This matter does not concern this House.

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* NEEM AFZAL : It is a very important matter.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Maybe, to you. It is not concerning this House. I have got other things over here.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, टेलीफोन टेपिंग के ऊपर इस मुल्क के एक वजीरे आला जा चुके हैं। इस सारे घोटाले के अन्दर अमेरिका में एक सदर जा चुके हैं वाटर गेट स्कण्डल पर। यह इतना अहम मसला है। आखिर, इस पर हुकुमत जानकारी को छुपाने की कोशिश क्यों कर रही है ? मैं यह जानना चाहता हूं कि वजीरे दाखला यहां मौजूद हैं। क्या आई० बी० ने अर्जुन सिंह जी के घर पर जाकर के,